# एनटीपीसी झनोर में बालिका सशक्तिकरण मिशन (GEM) 2026 का भव्य समापन

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, आत्मरक्षा प्रदर्शन और प्रेरक संदेशों के बीच प्रतिभागी बालिकाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए**



**लोकतेज, सूरत।** एनटीपीसी झनोर में बालिका सशक्तिकरण मिशन (त्रश्वरू) 2026 का समापन समारोह उत्साह, उमंग एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ई. सत्य फणि कुमार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पश्चिम-द्ब) एवं सीईओ (क्क्र) तथा श्रीमती ई. सरोजा, अध्यक्षा, सखी महिला समिति उपस्थित रहीं।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं बालिकाओं की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। प्रतिभागी बालिकाओं ने स्वच्छता, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक उन्मूलन एवं कचरा प्रबंधन जैसे सामाजिक विषयों पर प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियाँ दीं। इसके अतिरिक्त योग, आत्मरक्षा प्रदर्शन, देशभक्ति गीत एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने एक माह के प्रशिक्षण के दौरान अर्जित अनुभवों एवं कौशलों को साझा किया।

अपने संबोधन में ई. सत्य फणि कुमार ने कहा कि 90,807 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ एनटीपीसी देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ बालिका सशक्तिकरण मिशन जैसी सामाजिक पहलों के माध्यम से समुदाय के समग्र विकास एवं जनकल्याण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने बालिकाओं के आत्मविश्वास, प्रतिभा एवं उत्साह की सराहना करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख, झनोर ने कहा कि बालिकाओं की क्षमता और संभावनाओं पर हमें प्रारंभ से ही पूर्ण विश्वास था। यह कार्यशाला उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक मजबूत नींव सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि अब इस नींव को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों की है। हमें विश्वास है कि भविष्य में ये बालिकाएँ विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर इस अनुभव को गर्व के साथ याद करेंगी। कार्यक्रम के दौरान त्रश्वरू 2022 की प्रतिभागी ध्रुवी चंद्रकांत माछी ने अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा किए तथा विशिष्ट अतिथियों को अपनी बनाई हुई पेंटिंग्स भेंट कीं। इस अवसर पर त्रश्वरू 2026 स्मारिका (बुकलेट) का विमोचन भी किया गया तथा सभी प्रतिभागी बालिकाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समारोह का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। अभिभावकों ने एनटीपीसी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनकी बेटियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास वृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# वराछा को-ऑपरेटिव बैंक को राष्ट्रीय स्तर पर तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार

**'बेस्ट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक', 'बेस्ट डिजिटल बैंक ऑफ द ईयर' और 'बेस्ट मोबाइल बैंकिंग इनिशिएटिव' अवॉर्ड से सम्मानित**

**लोकतेज, सूरत।** गुजरात के अग्रणी मल्टी-स्टेट शेड्यूल्ड को-ऑपरेटिव बैंक, वराछा को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। बैंक को 'भारत रत्न को-ऑपरेटिव अवॉर्ड्स-2026' के तहत तीन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित होटल रामाडा एवं कन्वेंशन सेंटर में 5 से 7 जून, 2026 तक आयोजित भारत को-ऑपरेटिव बैंकिंग समिट-2026 के दौरान प्रदान किए गए।

बैंक को 'बेस्ट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक', 'बेस्ट डिजिटल बैंक ऑफ द ईयर' तथा 'बेस्ट मोबाइल बैंकिंग इनिशिएटिव' श्रेणियों में विजेता घोषित किया गया। ये पुरस्कार बैंक द्वारा पिछले तीन दशकों में अपने सदस्यों, ग्राहकों एवं समाज को प्रदान की गई उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार तथा आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग की राष्ट्रीय स्तर पर मिली मान्यता का प्रतीक हैं।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'शेड्यूल्ड बैंक' का दर्जा प्रदान किया गया है, जो उसकी विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। इसके तुरंत बाद प्राप्त हुए ये तीन राष्ट्रीय पुरस्कार बैंक की उपलब्धियों में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ते हैं। पुरस्कार




समारोह में बैंक के चेयरमैन नरेंद्रभाई कुकड़िया, डिप्टी जनरल मैनेजर सुरेशभाई काकड़िया तथा आईटी मैनेजर केतनभाई भालाला ने बैंक की ओर से सम्मान ग्रहण किया।

इस अवसर पर चेयरमैन नरेंद्रभाई कुकड़िया ने कहा कि बैंक 7,000 करोड़ रुपये से अधिक के व्यवसाय के साथ निरंतर प्रगति कर रहा है और ग्राहकों को बेहतर डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सदैव सकारात्मक सोच के साथ कार्यरत रहेगा। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय बैंक के सभी निदेशकों, प्रबंधन सदस्यों एवं कर्मचारियों की समर्पित कार्यशैली को जाता है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बैंक नवाचार, पारदर्शिता और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के मूल्यों के साथ भविष्य में भी नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा। साथ ही उन्होंने बैंक के सभी निदेशकों, प्रबंधन सदस्यों, सभासदों, खाताधारकों और कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

# महिला स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर पुनागाम में विशेष सेमिनार आयोजित

**एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. आकांक्षा पठारिया ने महिलाओं को विभिन्न रोगों, सावधानियों और बचाव के उपायों की दी जानकारी; मेयर मायाबेन मावाणी ने किया उद्घाटन**

**लोकेतज, सूरत।** सामाजिक कार्यकर्ता नीलेश धीरूभाई जिकादरा के नेतृत्व में पुनागाम स्थित शिशुकुंज विद्यसंकुल में महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को समर्पित एक विशेष महिला रोग जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, उनके समय पर निदान और बचाव के प्रति जागरूक बनाना था।

सेमिनार की मुख्य वक्ता दक्षिण गुजरात की पहली हार्मोन एवं डायबिटीज विशेषज्ञ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. आकांक्षा पठारिया ने महिलाओं को हार्मोनल असंतुलन, डायबिटीज, महिला स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न




बीमारियों, उनकी पहचान, सावधानियों तथा उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन सूरत की महापौर मायाबेन मावाणी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इलाज से बेहतर बचाव की कहावत ऐसे आयोजनों के माध्यम से सार्थक होती है। उन्होंने महिलाओं से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, सरकार और नगर निगम की विभिन्न महिला कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने तथा आत्मनिर्भर और सशक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सूरत नगर निगम की पार्षद संगीताबेन परमार ने भी महिलाओं को आत्म-सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर जानकारी दी।

# सूरत डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में जेंडर सेंसिटाइज़ेशन और POSH एक्ट पर सेमिनार 'भरोसा' ऑर्गनाइज़ किया गया

**लोकतेज संवाददाता, सूरत।** सूरत डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी ने तारीख 30-05-2026 को सूरत डिस्ट्रिक्ट कोर्ट परिसर में एक सेमिनार भरोसा ऑर्गनाइज़ किया। इस सेमिनार का मुख्य मकसद जेंडर सेंसिटाइजेशन (जेंडर सेंसिटिविटी) और वर्कप्लेस पर महिलाओं के सेक्शुअल हैरेसमेंट की रोकथाम एक्ट (POSH एक्ट) के बारे में जागरूकता पैदा करना था।

यह प्रोग्राम गुजरात हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस सुनीता अग्रवाल और दूसरे जजों की देखरेख में ऑर्गनाइज़ किया गया था। प्रोग्राम NALSA के एक गाने और उससे जुड़े वीडियो के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद इंटरनल कंप्लेंट कमेटी (ICC) की चेयरपर्सन सुश्री एस. वी. मुदलियार ने वेलकम स्पीच दी। सेमिनार में कीनोट स्पीकर महेंद्र मकवाना और एडवोकेट श्रीमती प्रीतिबेन जोशी शामिल हुईं,



जिन्होंने POSH एक्ट के नियमों और महिलाओं की सुरक्षा पर डिटेल में गाइडेंस दी। प्रोग्राम के आखिर में, सूरत के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज आर. ए. त्रिवेदी ने कानून लागू करने और सुरक्षित माहौल के महत्व पर ज़ोर दिया।

# आईसीएमएआई ने जारी किया जून 2026 सीएमए परीक्षाओं का कार्यक्रम

**14 जून को होगी सीएमए फाउंडेशन परीक्षा, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाएं 11 से 18 जून तक; अगस्त में घोषित होंगे परिणाम**

**लोकतेज, सूरत।** इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) ने जून 2026 में आयोजित होने वाली सीएमए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। संस्थान द्वारा ये परीक्षाएं प्रत्येक वर्ष दो बार आयोजित की जाती हैं, जिनमें पहला सत्र जून और दूसरा दिसंबर में होता है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, सीएमए फाउंडेशन परीक्षा 14 जून को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के पेपर-1 और पेपर-2 सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा पेपर-3 और पेपर-4 दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होंगे।

वहीं, सीएमए इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाएं 11 जून से प्रारंभ होकर 18 जून तक चलेंगी। फाइनल परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। आईसीएमएआई ने परीक्षा परिणामों की संभावित तिथियां भी घोषित कर दी हैं। फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम 9 जुलाई तक जारी किए जाने की संभावना है, जबकि इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के परिणाम 5 अगस्त तक घोषित किए जाएंगे।

# श्री खेड़ापति बालाजी सेवा समिति का वार्षिक महोत्सव आज

**लोकतेज, सूरत।** श्री खेड़ापति बालाजी सेवा समिति, सूरत (1995) का 30वां वार्षिक महोत्सव 7 जून को मनाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष बिहारीलाल पोद्दार एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिहोटिया ने बताया कि समिति का यह 30वां वार्षिक महोत्सव है जो सिटीलाइट स्थित देवसर माता मंदिर के बैंक्वेट हॉल में मनाया जायेगा। शाम 4=15 बजे बालाजी महाराज की ज्योत प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जो देर रात करीब 10 बजे तक चलेगा। इसमें बाबा का अलौकिक श्रृंगार, अखण्ड ज्योत, छप्पन भोग, पुष्पवर्षा व इत्र फुहार आदि मुख्य आकर्षण के केंद्र रहेंगे। बाबा का खजाना लक्की ड्रा के माध्यम से रखा गया है। भजनों की प्रस्तुति सूरत के राकेश अग्रवाल,अजित दाधीच एवं मनीष सिंगडोदिया देंगे। कार्यक्रम में आने वाले सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था भी रखी गई है

# शॉप्सी जेन ज़ी और भारत के अगले 10 करोड़ खरीदारों के लिए एआई-आधारित, एंगेजमेंट-आधारित कॉमर्स प्लेटफॉर्म बना

**लोकतेज सूरत।** फ्लिपकार्ट की शॉप्सी, जो भारत के सबसे तेजी से बढ़ते हाइपरवैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स में से एक है, ने आज अपने नए एआई-आधारित शॉप्सी ऐप के लॉन्च की घोषणा की। यह प्लेटफॉर्म अब सिर्फ ऑफर्स पर आधारित शॉपिंग प्लेटफॉर्म नहीं रहा, बल्कि एक आकर्षक, इनाम देने वाला गेमिफाइड अनुभव बन गया है, जिसे भारत के अगले 10 करोड़ खरीदारों के लिए तैयार किया गया है। ये युवा, महत्वाकांक्षी और कीमत को लेकर सजग उपभोक्ता हैं, जो मेट्रो और टियर 2+ शहरों में रहते हैं और ऑनलाइन शॉपिंग के तरीके को बदल रहे हैं।

**भारत में कॉमर्स की अगली लहर-शॉप्सी जिस जरूरत को पूरा करता है :** भारत के ई-कॉमर्स बाजार को तीन बड़े बदलाव नया रूप दे रहे हैं- टियर 2+ शहर अब नए खरीदारों की बढ़त में 65त्र हिस्सा दे रहे हैं; जेन ज़ी, जिनकी खोज करने की आदतें अलग हैं, भारत के कुल ऑनलाइन खरीदारों में लगभग आधे हैं; और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भरोसे की कमी अभी भी बनी हुई है। शॉप्सी का नया ऐप इन बदलावों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह सोशल डिस्कवरी, वीडियो-आधारित प्रोडक्ट अनुभव, पर्सनलाइजेशन और गेमिफाइड रिवॉर्ड सिस्टम को एक साथ जोड़ता है, जिससे जेन ज़ी और भारत के अगले 10 करोड़ खरीदारों के लिए एक आसान और सहज शॉपिंग अनुभव तैयार होता है। यह प्लेटफॉर्म ग्राहक तक उनके अपने तरीके से पहुंचता है और खरीदारी से पहले ही उनका भरोसा जीतता है। एआई-आधारित स्मार्ट शॉपिंग, जो खरीद से पहले भरोसा बनाती है।

# शाओमी इंडिया ने लाइका के साथ मिलकर शाओमी 17टी लॉन्च किया



**लोकतेज, सूरत।** शाओमी इंडिया ने आज शाओमी 17टी लॉन्च करने की घोषणा की। यह शानदार फ्लैगशिप डिज़ाइन में बेहतरीन इमेजिंग, शानदार एंटरटेनमेंट, ज़बरदस्त परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ का मेल है। लाइका-पावर्ड इमेजिंग, आंखों का ध्यान रखने वाली डिस्प्ले और बड़ी क्षमता वाली बैटरी के साथ, शाओमी 17टी को बिना किसी समझौते के प्रीमियम स्मार्टफ़ोन अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

हर पल की एक कहानी होती है। उन सभी पलों को कैद करें। ज़िंदगी शायद ही कभी सही शॉट का इंतज़ार करती है। चाहे वह अचानक की गई रोड ट्रिप हो, देर रात का कॉन्सर्ट हो, परिवार का कोई जश्न हो, या एक पल के लिए दिखने वाला कोई भाव हो, शाओमी 17टी यूज़र्स को उन पलों को ठीक वैसे ही कैद करने में मदद करता है जैसे वे होते हैं। शाओमी 17टी में लाइका लाइव मोमेंट भी पेश किया गया है, जो एक नया इमेजिंग अनुभव है और सिर्फ एक फोटो से कहीं ज़्यादा है। सिर्फ खास पल को कैद करने के बजाय, लाइका लाइव मोमेंट उस पल तक की हलचल, भावना और माहौल को भी सुरक्षित रखता है, जिससे रोज़मर्रा की यादें और भी बेहतर विज़ुअल कहानियों में बदल जाती हैं। चाहे बच्चे का पहला कदम हो, स्टेज पर कोई कलाकार हो, या दोस्तों का हंसी-मज़ाक हो, हर फ्रेम ज़्यादा जीवंत और असली लगता है। पोर्ट्रेट पसंद करने वालों के लिए, लाइका लाइव प्रोर्टेरेट नैचुरल डेप्थ और सिनेमैटिक लुक जोड़ता है, जिससे ऐसी तस्वीरें बनती हैं जो प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों लगती हैं।

शाओमी 17टी के फोक्स में लाइका-पावर्ड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है, जिसमें 50एमपी का मेन कैमरा और शाओमी टी सीरीज़ में पहली बार लाइका 5एक्स पेरिस्कोप टेलीफ़ोटो कैमरा दिया गया है।

# मारवाड़ी युवा मंच, सूरत शाखा ने भेस्तान रेलवे स्टेशन पर स्थायी प्याऊ का किया उद्घाटन

**लोकतेज, सूरत।** राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा के अंतर्गत मारवाड़ी युवा मंच, सूरत शाखा द्वारा भेस्तान रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 पर स्थापित स्थायी प्याऊ का उद्घाटन किया गया। यह पहल यात्रियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराएगी, जिससे विशेषकर गर्मी के मौसम में हजारों लोगों को राहत मिलेगी और जनसेवा को नई मजबूती मिलेगी।

प्याऊ का लोकार्पण विधायक मन्नू भाई पटेल, पूर्व भाजपा सूरत महामंत्री किशोर बिंदल तथा दानदाता संदीप शाह की गरिमामयी उपस्थिति में



समाज को समर्पित किया गया।

कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष अभिषेक खेतान, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश सुल्तानिया, राहुल बजाज, प्रकाश बिंदल, गणेश अग्रवाल, सुशांत बजाज, कौशल गोयल, पंकज जलान , अमित केडिया, कन्वीनर राजेश डालमिया, अक्षत खेतान, अमित मस्कारा, पीयूष तांतिया एवं रजनीश खेतान सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। मंच ने सहयोग एवं उपस्थिति प्रदान करने वाले सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# भव्य शोभायात्रा के साथ पांच दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ

**संत अलकाजी ने बताया श्रीराम कथा का महात्म्य, कहा– कथा जीवन को धर्म और कल्याण का मार्ग दिखाती है**

**लोकतेज, सूरत।** वेसू स्थित कैपिटल ग्रीन सोसाइटी बैंक्वेट हॉल में शनिवार से पांच दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा एवं कलश पूजन के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिवस व्यासपीठ से पूज्या संत अलकाजी ने श्रीराम कथा का महात्म्य बताते हुए श्रद्धालुओं को इसके आध्यात्मिक एवं जीवनोपयोगी महत्व से अवगत कराया। कथा प्रारंभ होने से पूर्व संत अलकाजी के सान्निध्य में विधिवत कलश पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात निकाली गई शोभायात्रा जीण माता मंदिर, देवसर माता प्रांगण एवं मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के समीप से विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए कथा स्थल पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्ति गीतों और जयघोषों से पूरा वातावरण राममय हो उठा।

प्रथम दिवस की कथा में संत अलकाजी ने कहा कि श्रीराम कथा का श्रवण जीव के कल्याण का माध्यम है। कथा केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि उसके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने के लिए है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा मनुष्य को भवसागर से पार लगाने का मार्ग प्रशस्त करती है तथा जीवन में सत्य, मर्यादा और धर्म का संदेश देती है।



गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु कोई व्यक्ति विशेष नहीं, बल्कि एक दिव्य तत्व है, जो जीवन में आनंद, मंगल और कल्याण का संचार करता है। उन्होंने संत समाज को चलता-फिरता प्रयागराज बताते हुए संतों के सान्निध्य के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

श्रीराम कथा महोत्सव के प्रमुख मनोरथी कौशल्या देवी गिलड़ा, वासुदेव गिलड़ा, सर्वेश्वर गिलड़ा, गीता देवी अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सचिन अग्रवाल एवं नितिन अग्रवाल हैं। कथा के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ प्राप्त किया। आयोजकों के अनुसार श्रीराम कथा महोत्सव प्रतिदिन दोपहर 3=30 बजे से सायं 6=30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लघु उद्योग भारती ने किया वृक्षारोपण

**पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, जन्मदिन और स्मृति दिवस पर एक वृक्ष लगाने का लिया संकल्प**

**लोकतेज, सूरत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लघु उद्योग भारती, सूरत द्वारा अध्यक्ष रामावतार पारीक के नेतृत्व में रुंगटा ग्रीन होम सोसाइटी के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा समाज को हरित भविष्य के लिए प्रेरित करना रहा।

लघु उद्योग भारती के संयुक्त सचिव पंकज शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन अभियान के पांच प्रमुख सूत्रों में पर्यावरण संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि संघ परिवार से संबद्ध उद्यमियों एवं व्यवसायिक बंधुओं की संस्था होने के नाते लघु उद्योग भारती पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम का शुभारंभ एक नन्ही बालिका के करकमलों द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया। इस



अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ तथा परिजनों की स्मृति में प्रतिवर्ष कम से कम एक वृक्ष लगाने एवं उसके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस दौरान लघु उद्योग भारती, सूरत के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी स्वर्गीय विक्रम सिंह शेखावत की स्मृति में भी एक पौधा रोपित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सदस्यों ने उनके सामाजिक एवं संगठनात्मक योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का साधन नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की अमूल्य धरोहर भी हैं। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया।

कार्यक्रम में बजरंग सोनी, मूलाराम छाजेड़, पूनमचंद जैन, रमेशचंद्र शर्मा, तंसुखलाल राठी, दिनेशभाई यादव, रमेश चावड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। रुंगटा ग्रीन होम सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि ने किया पौधारोपण

**उधना रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, अधिकाधिक वृक्ष लगाने का लिया संकल्प**

**लोकतेज, सूरत।** महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि, सूरत द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उधना रेलवे स्टेशन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए समाज को प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर विशेष अतिथि गणेश जाधव (मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, सूरत रेलवे) उपस्थित रहे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति बसंत खेतान (पेड़ मैन, सूरत) की रही। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर किए जा रहे अपने प्रयासों की जानकारी देते हुए वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने का संदेश दिया। महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि, सूरत की



जोन चेयरपर्सन वीरा निशा सेठिया, सचिव वीरा स्मृति जैन, सलाहकार वीरा मीनाक्षी जैन के साथ कार्यक्रम संयोजिका वीरा लता जैन और वीरा नीलम डांगा के द्वारा उपस्थित रेलवे स्टेशन के पदाधिकारी तथा अतिथियों का सम्मान खेस और मोमेंटो के साथ स्वागत किया गया । तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों एवं रेलवे अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न पौधों का रोपण किया। सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

**गजट प्रकाशन**

**न्यायालय सब जज 1**

**मोकाम आरा**

टी0 एस0 नं0-167/2025

**शौकत अली.......... मुदई।**

**बनाम्**

**इरफान अली वगैरह........ मुदालय।**

**गजट प्रकाशन**

**गजट बनाम् :-** आफताब आलम पिता स्व0 अशरफ अली साकिन-बैठी कॉलोनी लिम्बायत, सूरत, गुजरात ।

चूँ आप को इस गजट प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि आप **दिनांक 24.06.2026** को **7.30 बजे** दिन में न्यायालय में हाजिर होकर अपना उचित पैरवी करे। अन्यथा कार्यवाही एक तरफा अमल में लाई जायेगी। इसे अत्यन्त आवश्यक समझे ।

**सब जज-प्रथम भोजपुर आरा**

01.06.2026

# एसजीसीसीआई को नया नेतृत्व, अशोक जीरावाला ने अध्यक्ष और रवि राज देसाई उपाध्यक्ष का पदभार संभाला

## निखिल मद्रासी के सफल कार्यकाल का समापन; उद्योग हित, नवाचार और वैश्विक संपर्कों को नई दिशा देने पर जोर



**लोकतेज, संवाददाता, सूरत।** दक्षिण गुजरात की अग्रणी औद्योगिक संस्था द सदर्न गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में नेतृत्व परिवर्तन के तहत वरिष्ठ उद्योगपति अशोक जीरावाला ने अध्यक्ष पद और युवा उद्योगपति रवि राज देसाई ने उपाध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया है। सरसाना स्थित सूरत इंटरनेशनल एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में यह जिम्मेदारी पूर्व अध्यक्ष निखिल मद्रासी ने औपचारिक रूप से सौंपी।

**समारोह में कई प्रमुख हस्तियां रहीं मौजूद**

समारोह में समारोह में केन्द्रिय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटील, उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी, सुप्रिम कोर्ट के न्यायधिश जे.के. माहेश्वरी , उद्योगपति आनंद देशपांडे , बालाजी वेफर्स के संस्थापक चंदूभाई विरानी , राज्यसभा सांसद गोविंद ढोलकिया सहित कई उद्योगपति, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**निखिल मद्रासी का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा**

वर्ष 2025-26 के दौरान निखिल मद्रासी के नेतृत्व में एसजीसीसीआई ने उद्योग हितों, व्यापारिक गतिविधियों, प्रदर्शनियों और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उनके कार्यकाल में संगठन की गतिविधियों में विस्तार हुआ और दक्षिण गुजरात के उद्योग जगत की आवाज को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से प्रस्तुत किया गया।

**टेक्सटाइल क्षेत्र की मजबूत आवाज माने जाते हैं अशोक जीरावाला**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जीरावाला दक्षिण गुजरात के टेक्सटाइल उद्योग का जाना-पहचाना नाम हैं। वे फेडरेशन ऑफ गुजरात वीवर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं और लंबे समय से बुनकरों तथा टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाते रहे हैं। पिछले लगभग 20 वर्षों से चैंबर से जुड़े जीरावाला वर्ष 2025-26 में उपाध्यक्ष के रूप में सक्रिय रहे। उन्होंने उद्योगों के विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी प्रतिनिधित्व किया। उनका मानना है कि टेक्सटाइल उद्योग को ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीकों से जोड़कर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ाना समय की मांग है।

**रवि राज देसाई बने सबसे युवा उपाध्यक्ष**

नए उपाध्यक्ष रवि राज देसाई चैंबर के इतिहास में सबसे कम उम्र में इस पद तक पहुंचने वाले उद्योग प्रतिनिधियों में शामिल हैं। वे इंजीनियरिंग और प्रबंधन की मजबूत शैक्षणिक पृष्ठभूमि रखते हैं तथा विभिन्न औद्योगिक और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में वे कई उद्योग संगठनों और फाउंडेशनों में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहे हैं।

**नए नेतृत्व की प्राथमिकताएं**

उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाना, टेक्सटाइल, डायमंड, केमिकल और फार्मा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नई तकनीकों और नवाचार को बढ़ावा देना।

ऑटोमेशन और AI को बढ़ावा, उद्योगों को आधुनिक तकनीक, ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़कर उत्पादकता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाना। वैश्विक बाजारों से संपर्क मजबूत करना, दक्षिण गुजरात के उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार, निवेश और साझेदारी के अवसरों से जोड़ना। युवा नेतृत्व और उद्यमिता को प्रोत्साहन, नई पीढ़ी के उद्यमियों को उद्योग संगठनों और आर्थिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ना। चैंबर के नए नेतृत्व ने संकेत दिया है कि आने वाले समय में उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने, तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहन देने और दक्षिण गुजरात के व्यापारिक हितों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंचों पर और अधिक मजबूती से रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# 50 लाख रुपये की लूटकांड का मास्टरमाइंड कुंदन भगत सूरत लाया गया

## बिहार की बेउर जेल से ट्रांजिट कस्टडी पर लाकर शुरू हुई पूछताछ, बैंक से सोना-हीरा लूटने की बड़ी साजिश का भी खुलासा



**लोकतेज, संवाददाता, सूरत।** वराछा क्षेत्र स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) शाखा में 27 अप्रैल को हुई 50 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट के मामले में सूरत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

मामले के कथित मास्टरमाइंड कुंदन भगत को बिहार की बेउर जेल से कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सूरत लाया गया है। पटना की विशेष अदालत से अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने उसे ट्रांजिट कस्टडी में लेकर सूरत पहुंचाया, जहां उससे गहन पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, दिनदहाड़े हुई इस वारदात में हथियारबंद बदमाशों ने बैंक में घुसकर कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बनाया था तथा कुछ ही मिनटों में 50 लाख रुपये नकद लूटकर फरार हो गए थे। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों—शुभम ठाकुर, विक्रमजीत सिंह राजपूत और मितेशकुमार उर्फ महेशकुमार लखेंद्र राय—को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आया कि पूरी वारदात की साजिश बिहार की जेल में बंद कुंदन भगत ने रची थी।

**जेल में बैठकर बनाई गई थी डकैती की पूरी योजना**

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, कुंदन भगत नवंबर 2025 से बिहार की बेउर जेल में बंद था। उस पर हथियार तस्करी, रंगदारी, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट सहित आठ से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। बिहार में उसकी गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से AK-47 राइफल भी बरामद हुई थी। उसके खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) द्वारा गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) के तहत पूरक आरोपपत्र भी दाखिल किया जा चुका है।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नहीं, आमने-सामने पूछताछ को दी गई प्राथमिकता**

डीसीपी आलोक कुमार ने बताया कि आरोपी को सूरत लाने के लिए स्थानीय न्यायालयों और पटना की विशेष अदालत के बीच समन्वय किया गया। प्रारंभिक स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूछताछ का विकल्प रखा गया था, लेकिन जांच की गंभीरता को देखते हुए आमने-सामने पूछताछ को आवश्यक माना गया। इसके बाद सूरत पुलिस की विशेष टीम ने बिहार जाकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की और आरोपी को कस्टडी में लेकर सूरत पहुंचाया।

**सोना और हीरे लूटने की भी थी साजिश**

जांच में यह भी सामने आया है कि कुंदन भगत देश के विभिन्न राज्यों से अपराधियों को संगठित कर उन्हें कोड नेम देता था तथा हथियारों के उपयोग का प्रशिक्षण देकर लूट की घटनाओं को अंजाम दिलाता था। पुलिस के अनुसार, गिरोह की योजना केवल नकदी लूटने तक सीमित नहीं थी। बैंक में मौजूद सोने और हीरे के आभूषणों की भी बड़ी लूट की साजिश रची गई थी, लेकिन परिस्थितियों के चलते आरोपी केवल नकदी लूटकर फरार हो गए।

**फरार आरोपियों की तलाश जारी**

पुलिस का कहना है कि मामले में अभी भी पांच से छह आरोपी फरार हैं। कुंदन भगत से आमने-सामने पूछताछ के दौरान लूट की शेष रकम, फरार साथियों के ठिकानों और पूरे नेटवर्क से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है। पुलिस उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है ताकि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा सके।

# रिटायर्ड असिस्टेंट इंजीनियर पर एसीबी की बड़ी कार्रवाई

## सूरत नगर निगम के पूर्व अधिकारी के खिलाफ आय से 70 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज, जांच तेज



**लोकतेज, संवाददाता, सूरत।** गुजरात एंटी करप्शन ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए सूरत नगर निगम के एक सेवानिवृत्त सहायक अभियंता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संबंधित अधिकारी ने अपनी वैध आय की तुलना में 70.13 प्रतिशत अधिक संपत्ति एकत्रित की थी। मामले में सूरत शहर एसीबी पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

एसीबी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामला सूरत नगर निगम में सहायक अभियंता (क्लास-3) के पद पर कार्यरत रहे और वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके रसिकभाई मगनभाई पटेल से संबंधित है। जांच में वर्ष 2011 से 2020 के बीच की उनकी आय और संपत्तियों का विस्तृत विश्लेषण किया गया।

**नौ वर्षों की वित्तीय जांच में सामने आया मामला**

एसीबी अधिकारियों के अनुसार, 1 जनवरी 2011 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान रसिकभाई पटेल की आय, खर्च और संपत्तियों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि इस अवधि में उन्होंने अपनी ज्ञात और वैध आय के स्रोतों की तुलना में लगभग 68.98 लाख रुपये अधिक मूल्य की संपत्ति अर्जित की। प्रारंभिक आकलन के मुताबिक यह संपत्ति उनकी वैध आय से 70.13 प्रतिशत अधिक है, जिसे एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति की श्रेणी में माना है।

**भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज**

एसीबी ने आरोप लगाया है कि एक लोकसेवक के रूप में कार्य करते हुए रसिकभाई पटेल ने कथित रूप से अपने पद का दुरुपयोग कर अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त किया। इस संबंध में सूरत शहर एसीबी के पुलिस निरीक्षक के.जे. धडुक द्वारा आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**संपत्तियों और वित्तीय लेन-देन की होगी विस्तृत जांच**

एसीबी सूत्रों के अनुसार, आगामी जांच में आरोपी की चल-अचल संपत्तियों, बैंक खातों, बैंक लॉकरों तथा परिवार के सदस्यों या अन्य व्यक्तियों के नाम पर खरीदी गई संभावित बेनामी संपत्तियों की भी जांच की जाएगी। अधिकारियों का मानना है कि जांच के दौरान अन्य महत्वपूर्ण वित्तीय जानकारियां भी सामने आ सकती हैं।

**नगर निगम के कर्मचारियों में चर्चा का विषय बनी कार्रवाई**

सूरत नगर निगम के तकनीकी विभाग से जुड़े एक पूर्व अधिकारी के खिलाफ हुई इस कार्रवाई के बाद प्रशासनिक और सरकारी हलकों में चर्चा तेज हो गई है। एसीबी की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के मामलों में सख्ती के संकेत के रूप में देखा जा रहा है, वहीं जांच एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नासीरनगर 'रहस्यमयी तोड़फोड़' मामले की होगी जांच, स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन ने मांगी रिपोर्ट

## मीडिया में मामला उछलने के बाद हरकत में आया मनपा प्रशासन, सीमांकन के लिए गई थी टीम; तोड़फोड़ किसने की, इसकी होगी पड़ताल



**लोकतेज, संवाददाता, सूरत।** कतारगाम क्षेत्र के नासीरनगर में कथित रहस्यमयी तोड़फोड़ का मामला पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया है। मीडिया में लगातार खबरें सामने आने के बाद अब सूरत महानगरपालिका प्रशासन सक्रिय हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मनपा की स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन राजन पटेल ने नगर आयुक्त को पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

राजन पटेल ने स्पष्ट किया कि महानगरपालिका की टीम संबंधित स्थान पर केवल सीमांकन (डिमार्केशन) का कार्य करने गई थी। उनके अनुसार, मनपा की ओर से किसी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं की गई थी। प्रशासन ने केवल सीमांकन प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। ऐसे में वास्तविक तोड़फोड़ किसने की और किन परिस्थितियों में की गई, यह अब जांच का विषय है।

उन्होंने बताया कि संबंधित सीमांकन रेखा वर्ष 1980 में निर्धारित की गई थी। वर्तमान में उसकी स्थिति क्या है और उसके आधार पर की गई कार्रवाई कितनी उचित थी, इसकी भी जांच कराई जाएगी। इस संबंध में मनपा के वरिष्ठ अधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

कतारगाम जोन की सीमा में आने वाले क्षेत्र में सेंट्रल जोन द्वारा सीमांकन कार्य किए जाने के सवाल पर राजन पटेल ने कहा कि कई बार चौराहों और सीमा क्षेत्रों में यह स्पष्ट रूप से तय करना कठिन होता है कि कोई संपत्ति किस जोन के अधिकार क्षेत्र में आती है। इसलिए पूरे मामले की तथ्यात्मक जांच आवश्यक है। मनपा प्रशासन अब इस रहस्यमयी तोड़फोड़ के पीछे जिम्मेदार व्यक्तियों या परिस्थितियों का पता लगाने में जुट गया है। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर डुमस में दीपक इजारदार ने किया वृक्षारोपण

## 50 से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, लोगों से हरियाली बढ़ाने की अपील



**लोकतेज संवाददाता, सूरत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डुमस-सुलतानाबाद के उद्योगपति एवं समाजसेवी दीपक इजारदार ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के 50 से अधिक पौधे लगाकर लोगों से प्रकृति संरक्षण और हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। दीपक इजारदार ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत के इंडोर स्टेडियम में अपने संबोधन के दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री की इस अपील से प्रेरित होकर उन्होंने तत्काल वृक्षारोपण अभियान शुरू करने का निर्णय लिया।

डुमस-सुलतानाबाद क्षेत्र में आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण को कम करने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण देने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखें। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।दीपक इजारदार ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

# मैत्री अस्पताल की जनरल बोर्ड बैठक आज, निदेशकों से ऑडिट और वित्तीय हिसाब की मांग उठने की संभावना

## शेयरधारकों ने लाभांश, वित्तीय पारदर्शिता और प्रबंधन के कामकाज पर उठाए सवाल; बैठक पर सभी की नजरें

**लोकतेज संवाददाता, सूरत।** उधना-मगदल्ला रोड स्थित मैत्री अस्पताल में पिछले चार वर्षों के अंतराल के बाद 7 जून 2026 को जनरल बोर्ड बैठक आयोजित होने जा रही है। इस बैठक को लेकर अस्पताल के शेयरधारकों और भागीदारों के बीच खासा उत्साह और चर्चा का माहौल है। जानकारी के अनुसार, बड़ी संख्या में भागीदार अस्पताल प्रबंधन से वित्तीय हिसाब-किताब और स्वतंत्र ऑडिट की मांग उठा सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, मैत्री अस्पताल की स्थापना वर्ष 2019 में तीन प्रमुख संचालकों द्वारा की गई थी। बाद में अस्पताल के विस्तार और विकास के लिए अन्य निवेशकों एवं भागीदारों को भी जोड़ा गया। वर्तमान में अस्पताल से जुड़े लगभग 35 से 40 भागीदार वित्तीय पारदर्शिता और संचालन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर स्पष्टीकरण की मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि अस्पताल समूह के विस्तार के दौरान शहर के अन्य निजी अस्पतालों में भी भागीदारी प्राप्त कर संचालन शुरू किया गया। इस बीच कुछ शेयरधारकों का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से उन्हें अस्पताल की वित्तीय स्थिति, लाभ-हानि के आंकड़ों तथा लाभांश वितरण के संबंध में पर्याप्त जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है।

कुछ भागीदारों का यह भी कहना है कि अस्पताल समूह के वित्तीय लेन-देन, फार्मेसी संचालन तथा बीमा संबंधी गतिविधियों का स्वतंत्र ऑडिट कराया जाना चाहिए, ताकि सभी शेयरधारकों को वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके।

शेयरधारकों का कहना है कि लंबे समय से जनरल बोर्ड बैठक नहीं होने के कारण कई महत्वपूर्ण प्रश्न लंबित हैं। भागीदार अब बैठक के माध्यम से अस्पताल प्रबंधन से विस्तृत वित्तीय रिपोर्ट और संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में अस्पताल के लाभ, निवेश, विस्तार योजनाओं और शेयरधारकों को मिलने वाले संभावित लाभांश जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है। जनरल बोर्ड में कई भागीदार अस्पताल के खातों का स्वतंत्र ऑडिट कराने तथा वित्तीय लेन-देन की समीक्षा की मांग रख सकते हैं। इसके अलावा, कुछ शेयरधारक नियामक संस्थाओं का ध्यान भी इस मामले की ओर आकर्षित करने का प्रयास कर सकते हैं। हालांकि, इन आरोपों और दावों पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में आज होने वाली जनरल बोर्ड बैठक को लेकर सभी संबंधित पक्षों की नजरें टिकी हुई हैं, जहां कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

RAJ IMPERIAL
DOLBY ATMOS
INOX
वराछा सरथाणा नेचर पार्क के पास
For Booking Movie Tickets @ Raj Imperial Inox Call On 02612577777




मस्तीभरी फुल कोमेडी हिन्दी फिल्म
है जवानी तो इश्क होना है
वरुण धवन, मृणाल ठाकुर, पूजा हेगडे
ATMOS : 9.20 am, 10.20 am, 12.15 pm, 1.15 pm, 3.10 pm, 4.10 pm, 6.05 pm, 7.05 pm, 9.00 pm, 10.00 pm

जबरदस्त ऐक्शन थ्रीलर
पेड्डी
ATMOS : 10.05 am, 1.50 pm, 5.35 pm, 9.20 pm
रेग्युलर : 3.10 pm, 7.00 pm

चांद मेरा दिल
अनन्या पांडे, लक्ष्य
6.30 pm

बंदर
बोबी देओल का खतरनाक अभिनय
9.10 am, 3.35 pm, 9.30 pm

कृष्णावतारम-1
9.05 am, 9.10 pm

हिन्दी ऐक्शन थ्रीलर
HE-MAN AND THE MASTERS OF THE UNIVERSE
9.45 am, 12.40 pm, 10.40 pm

भूतबंगला
12.00 pm

पति पत्नि और वो दो
12.35 pm

सरगम
गुजराती : 3.10 pm

एनआरआई दुल्हन
गुजराती : 6.05 pm

यह समाचार पत्र स्वामी तास्सीलोक पब्लिकेशन्स की ओर से कुलदीप सनाढ्य द्वारा 3-4, गंगोत्री अपार्टमेंट, न्यू सिविल रोड, सूरत - 395001 ( गुजरात ) से प्रकाशित, कुलदीप सनाढ्य द्वारा संपादित तथा कुलदीप सनाढ्य द्वारा 152-153, श्री राम एस्टेट, मोजे भेदवाड़, पांडेसरा, सूरत-394221, गुजरात में मुद्रित है।